चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21.7.22 | 5 | 2-6 |

# विश्व में 32 बिलियन यूएस डॉलर का नशे का अवैध कारोबार : श्रीकांत जाधव

## हकृवि में नशा मुक्ति के लिए धाकड़ कार्यक्रम का शुभारंभ

हिसार, 20 जुलाई (विरेंद्र वर्मा) : किसी भी व्यक्ति, समाज व देश के विकास में नशा का सेवन बहुत बड़ा अवरोध है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। इसके लिए पुलिस एक्शन के साथ समाज का सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। यह बात हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कही। वह आज यहां चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की।

श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशा केवल भारत में ही नहीं अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है। आज पूरी दुनिया में 32 बिलियन यूएस डॉलर का नशा का अवैध कारोबार चल रहा है जबकि भारत में केवल हेरोइन का 20 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो रहा है। उन्होंने कहा ड्रग तस्करी के द्वारा कुछ देशों ने भारत के साथ अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ा हुआ है जिससे वो अवैध तरीके से नशीले पदार्थ भारत में भेजकर हमारी युवा शक्ति को नशीले पदार्थों की लत लगाकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ समाज का सहयोग बहुत जरूरी है, ताकि समय पर सूचना मिलते ही नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर तुरंत कार्यवाही की जा सके।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव, कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, मंडलायुक्त चंद्रशेखर श्रोताओं को नशा के विरुद्ध शपथ दिलाते हुए।

श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत क्लास के पांच बच्चों का एक ग्रुप बनाया जाएगा जो सुस्त, एकाकी रहने वाले व चोरी छिपे नशा करने वाले बच्चों की पहचान करेंगे, उसकी सूचना क्लास टीचर यानि सीनियर धाकड़ को देंगे। सीनियर धाकड़ सूचना मिलने के बाद संबंधित प्रिंसिपल, हैड मास्टर को रिपोर्ट करेंगे जो नोडल धाकड़ कहलाएगा।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के अच्छे खासे हिस्से को नष्ट कर रहा है। वर्तमान समय में नशा रूपी भयावह बीमारी का अधिक प्रभाव देश की युवा पीढ़ी पर देखा जा रहा है। युवाशक्ति राष्ट्र की धरोहर है जिसको सुरक्षित रखना और बचाना हम सबका कर्तव्य और धर्मपरायणता है। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने और इनके उपयोग की रोकथाम भी इसी कड़ी में एक पहल है। कार्यक्रम को छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया और प्रयास संस्था के महासचिव मुकेश मेहरा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जीवन में स्वयं नशा न करने और दूसरों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के अंत में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव ने लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आईजी पुलिस राकेश आर्य के साथ-साथ हिसार रेंज के 4 जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी, हिसार स्थित तीन विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21.7.22 | 9 | 2-6 |

## हकृवि में नशामुक्ति के लिए धाकड़ कार्यक्रम में पहुंचे एडीजीपी श्रीकांत जाधव

# नशे पर रोक लगाने को प्लान 'धाकड़'

- नशा का सेवन देश के विकास में बड़ी बाधा, नशे के खिलाफ रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

किसी भी व्यक्ति, समाज व देश के विकास में नशा का सेवन बड़ा अवरोध है जिसे समाप्त करना जरूरी है। इसके लिए पुलिस एक्शन के साथ समाज का सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। यह बात हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कही। वह आज यहां हकृवि में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जीवन में स्वयं नशा नहीं करने और दूसरों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

### भारत के साथ अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ा

श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशा केवल भारत में ही नहीं अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है। आज पूरी दुनिया में 32 बिलियन यूएस डॉलर का नशा का अवैध कारोबार चल रहा है जबकि भारत में केवल हेरोइन का 20 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करी के द्वारा कुछ देशों ने भारत के साथ अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ा हुआ है जिससे वे अवैध तरीके से नशीले पदार्थ भारत में भेजकर हमारी युवा शक्ति को नशीले पदार्थों की लत लगाकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते एडीजीपी श्रीकांत जाधव। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश को नशामुक्त बनाने में धाकड़ एक्शन प्लान

श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत क्लास के पांच बच्चों का एक ग्रुप बनाया जाएगा जो सुस्त, एकाकी रहने वाले तथा चोरी छिपे नशा करने वाले बच्चों की पहचान करेंगे, उनकी सूचना क्लास टीचर यानि सीनियर धाकड़ को देंगे। सीनियर धाकड़ सूचना मिलने के बाद संबंधित प्रिंसिपल, हेडमास्टर को रिपोर्ट करेंगे जो मोडल धाकड़ कहलाएगा। इस कार्यक्रम के सुपरविजन के लिए राज्य, जिला, उपमंडल, कलस्टर और गांव तथा वार्डस्तर पर मिशन टीमें बनाई जाएंगी जो नशे से ग्रस्त व्यक्ति की काउंसिलिंग, उपचार तथा पुनर्वास के लिए काम करेंगी। इसके अतिरिक्त दो मोबाइल एप प्रयास तथा साथी शुरु की गई है। प्रयास एप के लिए ग्राउंड लेवल की टीमें बनाई जाएंगी, जो प्रदेश में कितने लोग नशा करने के आदि हैं, कौन सा नशा करते हैं, नशामुक्त करने के लिए कहां पर दाखिल करवाना है, पूरा डेटा रहेगा जबकि साथी एप में एलोपैथी व आयुर्वेदिक मेडिसन मेन्यूफेक्चरिंग से लेकर सप्लाई तक का पूरा ब्योरा देना होगा।

### नशे का सर्वाधिक असर युवाओं पर : कुलपति

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के बड़े तबके को नष्ट कर रहा है। युवाशक्ति राष्ट्र की धरोहर है जिसको सुरक्षित रखना और बचाना हम सबका कर्तव्य और धर्मपरायणता है। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने और इनके उपयोग की रोकथाम भी इसी कड़ी में एक पहल है।

### प्रदेशभर में हिसार रेंज के जिले ज्यादा प्रभावित

एडीजीपी ने कहा कि इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ समाज का सहयोग जरूरी है ताकि समय पर सूचना मिलते ही नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा हरियाणा में 10 जिले नशीले पदार्थों के व्यसन से अत्यधिक प्रभावित है। हिसार रेंज में अधिक जिले प्रभावित होने के कारण इस धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत के लिए चुना गया है।

### स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

कार्यक्रम के अंत में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने के लिए हकृवि के एनएसएस स्वयंसेवकों की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वयंसेवक टुकड़ियों में हिसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल यात्रा कर लोगों को नशा के विरुद्ध जागरूक करेंगे।

### यह रहे उपस्थित

इस मौके पर मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आईजी पुलिस राकेश आर्य, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, प्रयास संस्था के महासचिव मुकेश मेहरा, हिसार रेंज के 4 जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी, हिसार स्थित तीन विश्वविद्यालयों के अधिकारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21.7.22 | 4 | 1-4 |

# हिसार समेत 10 जिलों में नशे का कारोबार अत्यधिक फैला : श्रीकांत

## नशा तस्करों पर प्रहार के लिए पुलिस ने तैयार की धाकड़ योजना, आरोपी की संपत्ति पर चलाएंगे बुलडोजर

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश के 10 जिलों में नशे का कारोबार अत्यधिक फैला है। नशा बिकने वाली जगहों को चिह्नित कर लिया गया है। जल्द ही बड़ी कार्रवाई कर इसे जड़ से खत्म किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो नशा तस्करों की संपत्ति पर बुलडोजर भी चलाया जाएगा।

नशे के कारोबार के कारण प्रदेश का युवा नशे की गिरफ्त में है। नशा तस्करों पर प्रहार करने के लिए पुलिस विभाग ने धाकड़ प्लान तैयार किया है। वहीं, एचएयू के स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली और नशे के खिलाफ शपथ ली। बुधवार को चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशा तस्करों ने युवाओं को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। युवाओं को घर परिवार के साथ देशहित में नशे की गिरफ्त से बाहर निकलने की जरूरत है। नशा केवल देश में ही नहीं, अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने बताया कि नशा तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। नशा तस्करों द्वारा नशीला पदार्थ बेचकर बनाई गई बिल्डिंग या कोई अन्य प्रॉपर्टी पर बुलडोजर चलेगा। इसके अलावा तस्कर की संपत्ति जब्त की जाएगी। पिछले दिनों अंबाला छावनी में नशा तस्करी के आरोपी द्वारा बनाई गई




इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित नशा मुक्त अभियान के तहत सपथ लेते युवा, अधिकारी व अन्य। संवाद

### प्रयास और साथी एप से रखेंगे नजर

नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए दो मोबाइल एप प्रयास और साथी शुरू की गई है। प्रयास एप के लिए ग्राउंड लेवल की टीमें बनाई जाएंगी, जो प्रदेश में कितने लोग नशा करने के आदी हैं, कौन सा नशा करते हैं, नशा मुक्त करने के लिए कहां पर दाखिल करवाना है, पूरा डेटा रहेगा। जबकि साथी एप में एलोपैथी व आयुर्वेदिक मेडिसन मैन्यूफेक्चरिंग से लेकर सप्लाई तक का पूरा ब्योरा देना होगा। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के अच्छे खासे हिस्से को नष्ट कर रहा है।

### चिकित्सक की पर्ची पर लगेगी मुहर

प्रतिबंध दवा, मेडिकल नशा को रोकने के लिए साथी एप बनाया गया है। इस एप दवाई बेचने वाले का पूरा रिकॉर्ड होगा। इसके अलावा चिकित्सक जो प्रतिबंध दवाइयां लिखेगा और उस पर अपनी मुहर लगाएगा। जिस पर्ची पर स्टांप नहीं होगी उसे दवा नहीं मिलेगा। दवा लेने वाले मरीज को भी साथी एप से जोड़ा जाएगा। इससे नशे पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आईजी राकेश कुमार आर्य, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, डीएसपी प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

32 बिलियन यूएस डॉलर का नशे का अवैध कारोबार चल रहा है। देश में केवल हेरोइन का 20 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो रहा है। हरियाणा में हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, जींद, अम्बाला समेत 10 जिले नशे से अत्यधिक प्रभावित हैं। हिसार रेंज में अधिक जिले प्रभावित होने के कारण इस धाकड़ कार्यक्रम की शुरुआत के लिए चुना गया है।

प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों और

### 122 सीएचसी में साइक्लॉजिस्ट क्लीनिक बनाने की तैयारी

प्रदेशभर में 532 पीएचसी पर नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों की काउंसिलिंग की सुविधा है। इसके अलावा 122 सीएचसी में साइक्लॉजिस्ट क्लीनिक बनाने की तैयारी की जा रही है। नशा करने वालों को दवा के साथ-साथ उनकी काउंसिलिंग भी की जा सके ताकि वे नशा छोड़ मुख्यधारा से जुड़ें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कहीं पर नशीले पदार्थ की बिक्री होते देखें तो टोल फ्री नंबर 9050891508 पर संपर्क करें।

ग्रुप के लोग चोरी छिपे नशा करने वाले बच्चों की पहचान करेंगे। फिर इसकी सूचना क्लास टीचर यानि सीनियर धाकड़ को देंगे। सीनियर धाकड़ प्रिंसिपल, हेड

उपमंडल, क्लस्टर और गांव व वार्ड स्तर पर मिशन टीमें बनाई जाएंगी। जाधव ने युवाओं से कहा कि नशा करना अक्सर दोस्त ही सीखता है। उस समय दोस्त को

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21.7.22 | 8 | 5-7 |

## हकृवि में नशा मुक्ति के लिए धाकड़ कार्यक्रम का शुभारंभ

# नशे की चपेट में पूरा विश्व : जाधव

हिसार, 20 जुलाई (निस)

किसी भी व्यक्ति, समाज व देश के विकास में नशे का सेवन बहुत बड़ा अवरोध है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। इसके लिए पुलिस एक्शन के साथ समाज का सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। यह बात हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव ने कही। वे आज यहां चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने की। श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशा केवल भारत में ही नहीं, अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है। आज पूरी दुनिया में 32 बिलियन यूएस डॉलर का नशा का अवैध कारोबार



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव, कुलपति प्रो बीआर काम्बोज, मंडलायुक्त चंद्रशेखर श्रोताओं को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाते हुए। -निस

चल रहा है जबकि भारत में केवल हिरोइन का 20 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो रहा है। उन्होंने कहा हरियाणा में 10 जिले नशीले पदार्थों के व्यसन से अत्याधिक प्रभावित है। हिसार रेंज में अधिक जिले प्रभावित होने के कारण इस धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत के लिए चुना गया है। श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।


कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के अच्छे खासे हिस्से को नष्ट कर रहा है। कार्यक्रम को छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया और प्रयास संस्था के महासचिव मुकेश मेहरा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आईजी पुलिस राकेश आर्य के साथ-साथ हिसार रेंज के 4 जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी, हिसार स्थित तीन विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 20.07.2022 | – | – |

# हकृवि में 'धाकड़' कार्यक्रम

**हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**







चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव ने किया। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने के लिए स्वयंसेवकों ने एक रैली निकाली।

रैली को एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से स्वयंसेवक हिसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल यात्रा कर लोगों को नशा के विरूद्ध जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में बोलते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति, समाज व देश के विकास में नशा का सेवन बहुत बड़ा अवरोध है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। इसके लिए पुलिस एक्शन के साथ समाज का सहयोग भी बहुत जरूरी है। श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशा केवल भारत में ही नहीं अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है। हरियाणा में 10 जिले नशीले पदार्थों के व्यसन से अत्याधिक प्रभावित है। हिसार रेंज में अधिक जिले प्रभावित होने के कारण इस हिसार को धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत के लिए चुना गया है। नशे की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ समाज का सहयोग बहुत जरूरी है ताकि समय पर सूचना मिलते ही नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर तुरंत कार्यवाही की जा सके।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि नशे का सेवन दुनिया की आबादी के अच्छे खासे हिस्से को नष्ट कर रहा है। वर्तमान समय में नशा रूपी बीमारी का अधिक प्रभाव देश की युवा पीढ़ी पर देखा जा रहा है। युवा शक्ति राष्ट्र की धरोहर है जिसको सुरक्षित रखना और बचाना हम सभी का कर्तव्य है। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने और इनके उपयोग की रोकथाम भी इसी कड़ी में एक पहल है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि उन्हें नशा करने का विचार आए तो एक बार वे अपने माता-पिता के कठिन परिश्रम और उनके सपनों का अवश्य ध्यान करें। कार्यक्रम को छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया और प्रयास संस्था के महासचिव मुकेश मेहरा ने भी संबोधित किया।

## नशा के विरूद्ध दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जीवन में स्वयं नशा न करने और दूसरों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मंडलायुक्त श्री चंद्रशेखर, आईजी पुलिस श्री राकेश आर्य के साथ-साथ हिसार रेंज के 4 जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी, हिसार स्थित तीन विश्वविद्यालयों के अधिकारी व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 20.07.2022 | — | — |







अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव, कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, मंडलायुक्त श्री चंद्रशेखर श्रोताओं को नशा के विरुद्ध शपथ दिलाते हुए. एडीजीपी श्रीकांत जाधव को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज तथा एडीजीपी श्रीकांत जाधव विश्वविद्यालय में धाकड़ कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को प्रमाण-पत्र देते हुए। • आज समाज


# चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति के लिए धाकड़ कार्यक्रम का शुभारंभ

- निकाली गई नशा के विरुद्ध जागरूकता रैली

प्रवीन कुमार

हिसार। किसी भी व्यक्ति, समाज व देश के विकास में नशा का सेवन बहुत बड़ा अवरोध है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। इसके लिए पुलिस एक्शन के साथ समाज का सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। यह बात हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव ने कही। वह आज यहां चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की।

श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशा केवल भारत में ही नहीं अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है। आज पूरी दुनिया में 32 बिलियन यूएस डॉलर का नशा का अवैध कारोबार चल रहा है जबकि भारत में केवल हिरोइन का 20 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो रहा है। उन्होंने कहा ड्रग तस्करी के द्वारा कुछ देशों ने भारत के साथ अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ा हुआ है जिससे वो अवैध तरीके से नशीले पदार्थ भारत में भेजकर हमारी युवा शक्ति को नशीले पदार्थों की लत लगाकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ समाज का सहयोग बहुत जरूरी है ताकि समय पर सूचना मिलते ही नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर तुरंत कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा हरियाणा में 10 जिले नशीले पदार्थों के व्यसन से अत्यधिक प्रभावित हैं। हिसार रेंज में अधिक जिले प्रभावित होने के कारण इस धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत के लिए चुना गया है।



कार्यक्रम में उपस्थित एडीजीपी श्रीकांत जाधव, कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, मंडलायुक्त श्री चंद्रशेखर व अन्य।

श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत क्लास के पांच बच्चों का एक ग्रुप बनाया जाएगा जो सुस्त, एकाकी रहने वाले व चोरी छिपे नशा करने वाले बच्चों की पहचान करेंगे, उसकी सूचना क्लास टीचर यानि सीनियर धाकड़ को देंगे। सीनियर धाकड़ सूचना मिलने के बाद संबंधित प्रिंसिपल, हैड मास्टर को रिपोर्ट करेंगे जो नोडल धाकड़ कहलाएगा। इस कार्यक्रम के सुपरविजन के लिए राज्य, जिला, उपमंडल, कलस्टर और गांव व वार्ड स्तर पर मिशन टीमें बनाई जाएंगी जो नशे से ग्रस्त व्यक्ति की काउंसलिंग, उपचार व पुनर्वास के लिए काम करेंगी। इसके अतिरिक्त दो मोबाइल एप प्रयास व साथी शुरू की गई हैं। प्रयास एप के लिए ग्राउंड लेवल की टीमें बनाई जाएंगी, जो प्रदेश में कितने लोग नशा करने के आदि हैं, कौन सा नशा करते हैं, नशा मुक्त करने के लिए कहां पर दाखिल करवाना है, पूरा डेटा रखेगा जबकि साथी एप में एलोपैथी व आयुर्वेदिक मेडिसन मैन्युफेक्चरिंग से लेकर सप्लाई तक का पूरा ब्योरा देना होगा।

## नशा के विरुद्ध दिलाई गई शपथ

इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जीवन में स्वयं नशा न करने और दूसरों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। नशा के विरुद्ध निकाली गई जागरूकता रैली कार्यक्रम के अंत में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव ने लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वयंसेवक टुकड़ियां में हिसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल यात्रा कर लोगों को नशा के विरुद्ध जागरूक करेंगे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के अच्छे खासे हिस्से को नष्ट कर रहा है। वर्तमान समय में नशा रूपी भयावह बीमारी का अधिक प्रभाव देश की युवा पीढ़ी पर देखा जा रहा है। युवाशक्ति राष्ट्र की धरोहर है जिसको सुरक्षित रखना और बचाना हम सबका कर्तव्य और धर्मपरायणता है। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने और इनके उपयोग की रोकथाम भी इसी कड़ी में एक पहल है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि उन्हें नशा करने का विचार आए तो एक बार वे अपने माता-पिता के कठिन परिश्रम और उनके सपनों का अवश्य ध्यान करें।

उन्होंने ड्रग्स के खिलाफ हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए छेड़ी गई निर्णायक जंग की सराहना की। उन्होंने कहा इस अभियान को सफल बनाने के लिए यह विश्वविद्यालय सरकार के दिशानिर्देशानुसार हर स्थिति में संवेदनशीलता व सूझबूझ के साथ भरसक प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम को छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया और प्रयास संस्था के महासचिव मुकेश मेहरा ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर मंडलायुक्त श्री चंद्रशेखर, आईजी पुलिस श्री राकेश आर्य के साथ-साथ हिसार रेंज के 4 जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी, हिसार स्थित तीन विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 20.07.2022 | — | — |


# किसी भी व्यक्ति, समाज और देश के विकास में नशे का सेवन बहुत बड़ा अवरोध : श्रीकांत जाधव

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार:** किसी भी व्यक्ति, समाज व देश के विकास में नशा का सेवन बहुत बड़ा अवरोध है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। इसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ समाज का सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। यह बात हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कही। वह आज यहां हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।



कार्यक्रम में उपस्थित एडीजीपी श्रीकांत जाधव, कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, मंडलायुक्त श्री चंद्रशेखर व अन्य।

जाधव ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत क्लास के पांच बच्चों का एक ग्रुप बनाया जाएगा जो सुस्त, एकांकी रहने वाले व चोरी छिपे नशा करने वाले बच्चों की पहचान करेंगे, उसकी सूचना क्लास टीचर यानि सीनियर धाकड़ को देंगे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के अच्छे खासे हिस्से को नष्ट कर रहा है। वर्तमान समय में नशा रूपी भयावह बीमारी का अधिक प्रभाव देश की युवा पीढ़ी पर देखा जा रहा है। युवाशक्ति राष्ट्र की धरोहर है जिसको सुरक्षित रखना और बचाना हम सबका कर्तव्य और धर्मपरायणता है। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने और इनके उपयोग की रोकथाम भी इसी कड़ी में एक पहल है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि उन्हें नशा करने का विचार आए तो एक बार वे अपने माता-पिता के कठिन परिश्रम और उनके सपनों का अवश्य ध्यान करें।

इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जीवन में स्वयं नशा न करने और दूसरों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में श्रीकांत जाधव ने लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वयंसेवक टुकड़ियों में हिसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल यात्रा कर लोगों को नशा के विरुद्ध जागरूक करेंगे।

इस मौके पर मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आईजी पुलिस राकेश आर्य के साथ-साथ हिसार रेंज के 4 जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी, हिसार स्थित तीन विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 20.07.2022 | — | — |

# प्रदेश के 10 जिले नशीले पदार्थों के व्यसन से अत्याधिक प्रभावित, रोकने के लिए धाकड़ कार्यक्रम की हुई शुरूआत



## भारत में हेरोइन का 20 लाख करोड़ रुपए का कारोबार : श्रीकांत जाधव

हिसार/ 20 जुलाई/ रिपोर्टर

किसी भी व्यक्ति, समाज व देश के विकास में नशा का सेवन बहुत बड़ा अवरोध है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। इसके लिए पुलिस एक्शन के साथ समाज का सहयोग भी नितान्त आवश्यकता है। यह बात हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कही। वह आज यहां हकृवि में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की। श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशा केवल भारत में ही नहीं अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है। आज पूरी दुनिया में 32 बिलियन यूएस डॉलर का नशा का अवैध कारोबार चल रहा है जबकि भारत में हेरोइन का 20 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रग तस्करी के द्वारा कुछ देशों ने भारत के साथ अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ा हुआ है जिसमें वो अवैध तरीके से नशीले पदार्थ भारत में भेजकर हमारी युवा शक्ति को नशीले पदार्थों की लत लगाकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ समाज का सहयोग बहुत जरूरी है ताकि समय पर सूचना मिलते ही नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर तुरंत कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा हरियाणा में 10 जिले नशीले पदार्थों के व्यसन से अत्याधिक प्रभावित है। हिसार रेंज में अधिक जिले प्रभावित होने के कारण इसे धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत के लिए चुना गया है। जाधव ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एकलव्य अभियान के तहत स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत कक्षाओं के पांच बच्चों का एक ग्रुप बनाया जाएगा जो सुस्त, एकाकी रहने वाले व चोरी छिपे नशा करने वाले बच्चों की पहचान करेंगे, उसकी सूचना क्लास टीचर यानि सीनियर धाकड़ को देंगे। सीनियर धाकड़ सूचना मिलने के बाद संबंधित प्रिंसिपल, हैड मास्टर को रिपोर्ट करेंगे जो मोडल धाकड़ कहलाएगा। इस कार्यक्रम के सुपरविजन के लिए राज्य, जिला, उपमंडल, कलस्टर और गांव व वार्ड स्तर पर मिशन टीमें बनाई जाएंगी जो नशे से ग्रस्त व्यक्ति की काउंसिलिंग, उपचार व पुनर्वास के लिए काम करेंगी। इसके अतिरिक्त दो मोबाइल एप प्रयास व साथी शुरू की गई हैं। प्रयास एप के लिए ग्राउंड लेवल की टीमें बनाई जाएंगी, जो प्रदेश में कितने लोग नशा करने के आदि हैं, कौन सा नशा करते हैं, नशा मुक्त करने के लिए कहां पर दाखिल करवाना है, पूरा डेटा रहेगा जबकि साथी एप में एलोपैथी व आयुर्वेदिक मेडिसन मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर सप्लाई तक का पूरा ब्यौरा देना होगा।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के अच्छे खासे हिस्से को नष्ट कर रहा है। वर्तमान समय में नशा रूपी भयावह बीमारी का अधिक प्रभाव देश की युवा पीढ़ी पर देखा जा रहा है। युवाशक्ति राष्ट्र की धरोहर है जिसको सुरक्षित रखना और बचाना हम सबका कर्तव्य और धर्मपरायणता है। कार्यक्रम को छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया और प्रयास संस्था के महासचिव मुकेश मेहता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर लोगों को जीवन में स्वयं नशा न करने और दूसरों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद नशा के विरूद्ध शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आईजी पुलिस राकेश आर्य, हिसार रेंज के 4 जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी, हिसार स्थित तीन विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 21.07.2022 | – | – |


# नशा मुक्ति के लिए पायलट प्रोजेक्ट धाकड का हिसार से आगाज, प्रत्येक स्कूल में पांच बच्चे नशा करने वालों को करेंगे चिह्नित

हिसार : हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश के 10 जिलों में नशे का कारोबार अत्यधिक फैला है। नशा बिकने वाली जगहों को चिह्नित कर लिया गया है। जल्द ही बड़ी कार्रवाई कर इसे जड़ से खत्म किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा। नशे के कारोबार के कारण प्रदेश का युवा नशे की गिरफ्त में हैं। नशा तस्करों पर प्रहार करने के लिए पुलिस विभाग ने धाकड़ प्लान तैयार किया है। वहीं, एचएयू के स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली और नशे के खिलाफ शपथ ली।



बुधवार को हिसार में चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशा तस्करों ने युवाओं को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। युवाओं को घर परिवार के साथ देशहित में नशे की गिरफ्त से बाहर निकलने की जरूरत है।

नशा केवल देश में ही नहीं, अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है। आज पूरी दुनिया में 32 बिलियन यूएस डॉलर का नशे का अवैध कारोबार चल रहा है। देश में केवल हेरोइन का 20 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो रहा है। हरियाणा में 10 जिले नशीले पदार्थों के व्यसन से अत्यधिक प्रभावित है। हिसार रेंज में अधिक ज़िले प्रभावित होने के कारण इस धाकड़ कार्यक्रम की शुरुआत के लिए चुना गया है।

> प्रदेश में नशा तस्करों पर प्रहार के लिए पुलिस ने धाकड़ प्लान तैयार किया है। जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलेगा

प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत क्लास के पांच बच्चों का एक ग्रुप बनाया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21.7.22 | 4 | 1-6 |

# नशा मुक्ति के लिए पायलट प्रोजेक्ट धाकड़ का आगाज

## नशे पर शिकंजा कसने के लिए प्रयास और साथी नाम से बनाई दो मोबाइल एप नशीली दवाइयां बेचने व खरीदने वालों का रहेगा ब्योरा

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट धाकड़ अभियान का आगाज बुधवार को हिसार से किया गया। इसके लिए हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत प्रत्येक स्कूल से पांच बच्चे नशा करने वालों को चिन्हित करेंगे। इसकी सूचना नारकोटिक्स विभाग को देंगे, जिसके बाद नशा टीम द्वारा नशा छुड़वाने का प्रयास किया जाएगा। धाकड़ अभियान की टीम नशा तस्करों के खिलाफ काम करेगी। यह जानकारी हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव व एचएयू के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने शुभारंभ अवसर पर दी। जाधव ने कहा किसी भी व्यक्ति, समाज और देश के विकास में नशे का सेवन बहुत बड़ा अवरोध है। इस समस्या को जड़ से समाप्त करना जरूरी है।

### देश में हेरोइन का होता है 20 लाख रुपये का कारोबार

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कहा कि नशे ने केवल भारत को ही नहीं, पूरे विश्व को चपेट में लिया हुआ है। पूरी दुनिया में 32 बिलियन यूएस डालर का नशा का अवैध कारोबार है, भारत में भी हेरोइन का 20 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो रहा है। ड्रग तस्करी के द्वारा कुछ देशों ने भारत के साथ अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ा हुआ है, जिससे वे अवैध तरीके से नशीले पदार्थ भारत में भेजकर हमारी युवा शक्ति को नशीले पदार्थों की लत लगाकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा हरियाणा में 10 जिले नशे से अत्याधिक प्रभावित है। हिसार रेंज में भी कई जिले प्रभावित होने के कारण ही इस जोन को धाकड़ कार्यक्रम की शुरुआत के लिए चुना गया है।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के आइ जी सभागार में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एडीजीपी श्रीकांत जाधव। • जागरण

### धाकड़ कार्यक्रम के तहत यह टीमें करेंगी काम

श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कालेजों और विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। स्कूलों से पांच बच्चों का एक ग्रुप बनाया जाएगा जो सुस्त, अकेले रहने वाले और चोरी छिपे नशा करने वाले बच्चों की पहचान करेंगे, इसकी सूचना क्लास टीचर यानि सीनियर धाकड़ को देंगे। सीनियर धाकड़ संबंधित प्रिंसिपल, हैड मास्टर को बताएंगे, ये लोग नोडल धाकड़ कहलाएंगे। कार्यक्रम के सुपरविजन के लिए राज्य, जिला, उपमंडल, कलस्टर और गांव व वार्ड स्तर पर मिशन टीमें बनाई जाएंगी। यह टीमें नशे से ग्रस्त व्यक्ति की काउंसलिंग, उपचार व पुनर्वास के लिए काम करेंगी।

### कार्यक्रम में लोगों को नशा छुड़वाने की दिलाई शपथ

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जीवन में स्वयं नशा न करने और दूसरों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वयंसेवक टुकड़ियों में हिसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल यात्रा कर लोगों को नशा के विरुद्ध जागरूक करेंगे। इस अवसर पर मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आइजी राकेश आर्य के साथ-साथ हिसार रेंज के चार जिलों के उपायुक्त, एसपी, हिसार स्थित तीन विश्वविद्यालयों के अधिकारीगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### दोनों एप पर रहेगा पूरा डाटा

श्रीकांत जाधव ने बताया कि दो मोबाइल एप प्रयास और साथी नाम से शुरू किए गए हैं। प्रयास एप के लिए ग्राउंड लेवल की टीमें बनाई जाएंगी, जो प्रदेश में कितने लोग नशा करने के आदी हैं, कौन सा नशा करते हैं, नशा मुक्त करने के लिए कहा पर दाखिल करवाना है, इसका पूरा डेटा रहेगा। वहीं साथी एप में एलोपैथी, आयुर्वेदिक मेडिसन मैन्यूफेक्चरिंग से लेकर सप्लाई तक का पूरा ब्योरा देना होगा।

### आबादी को नष्ट कर रहा नशा : वीसी

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के काफी हिस्से को नष्ट कर रहा है। नशा रूपी भयावह बीमारी का अधिक प्रभाव देश की युवा पीढ़ी पर देखा जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21.7.22 | 4 | 1-6 |

# नशे पर नियंत्रण के लिए समाज का सहयोग जरूरी : जाधव





विश्वविद्यालय में हुए धाकड़ कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को प्रमाण-पत्र देते व श्रोताओं को नशे के विरुद्ध शपथ दिलवाते अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव व अन्य अधिकारी।

## हकृवि में नशा मुक्ति के लिए धाकड़ कार्यक्रम का शुभारंभ

हिसार, 20 जुलाई (राठी): नशा केवल भारत में ही नहीं अपितु इसने पूरे विश्व को अपनी चपेट में लिया हुआ है। आज पूरी दुनिया में 32 बिलियन यू.एस. डॉलर का नशा का अवैध कारोबार चल रहा है जबकि भारत में केवल हैरोइन का 20 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो रहा है। ड्रग तस्करी के द्वारा कुछ देशों ने भारत के साथ अप्रत्यक्ष युद्ध छेड़ा हुआ है, जिससे वो अवैध तरीके से नशीले पदार्थ भारत में भेजकर हमारी युवा शक्ति को नशीले पदार्थों की लत लगाकर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह बात हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने कही। वह आज यहां चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिक्षण संस्थानों में धाकड़ कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जीवन में स्वयं नशा न करने और दूसरों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

श्रीकांत जाधव ने कहा कि इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ समाज का सहयोग बहुत जरूरी है, ताकि समय पर सूचना मिलते ही नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर तुरंत कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा हरियाणा में 10 जिले नशीले पदार्थों के व्यसन से अत्याधिक प्रभावित है। हिसार रेंज में अधिक जिले प्रभावित होने के कारण इस धाकड़ कार्यक्रम की शुरुआत के लिए चुना गया है। श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

### नशे के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली

कार्यक्रम के अंत में हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वयंसेवक टुकड़ियों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल यात्रा कर लोगों को नशा के विरुद्ध जागरूक करेंगे।

### युवा वर्ग नशे से बनाए दूरी : प्रो. काम्बोज

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि ड्रग्स का सेवन दुनिया की आबादी के अच्छे खासे हिस्से को नष्ट कर रहा है। वर्तमान समय में नशा रूपी भयावह बीमारी का अधिक प्रभाव देश की युवा पीढ़ी पर देखा जा रहा है। युवाशक्ति राष्ट्र की धरोहर है जिसको सुरक्षित रखना और बचाना हम सबका कर्तव्य और धर्मपरायणता है। भी इसी कड़ी में एक पहल है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि उन्हे नशा करने का विचार आए तो एक बार वे अपने माता-पिता के कठिन परिश्रम और उनके सपनों का अवश्य ध्यान करें।

कार्यक्रम को छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया और प्रयास संस्था के महासचिव मुकेश मेहरा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंडलायुक्त चंद्रशेखर, हिसार रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राकेश आर्य के साथ-साथ हिसार रेंज के 4 जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी हिसार



अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रभारी श्रीकांत जाधव।

## नशा रोकने के लिए नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की बैठक में बनाई रणनीति

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रभारी श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास मोबाइल एप्लिकेशन विकसित की गई है।

वे बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में हिसार मंडल के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक ले रहे थे। बैठक में मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आई.जी. राकेश आर्य, फतेहाबाद के उपायुक्त प्रदीप कुमार, हिसार के पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, सिरसा के पुलिस अधीक्षक अर्पित जैन सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने विभाग द्वारा बनाई गई विस्तृत कार्य योजना के बारे में बैठक में उपस्थित अधिकारियों को अवगत करवाया और विशेष रणनीति बनाई।

मंडलायुक्त चंद्रशेखर ने हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के तहत किए जाने वाले कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अपने सुझाव भी दिए। आई.जी. राकेश आर्य ने कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए विभाग द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों एवं शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित करके नागरिकों को विभिन्न प्रकार के नशों से बचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अजय चौपड़ा, नगराधीश

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 21.7.22 | 1 | 6-8 |

# नशा तस्करों की संपत्ति को किया जाएगा जब्त

जागरण संवाददाता, हिसार: प्रदेश में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो ने धाकड़ अभियान के तहत तैयारी कर ली है। नारकोटिक्स ब्यूरो की तरफ से ऐसे लोगों की संपत्ति जब्त की जाएगी, जो नशा बेचने का काम करते है, यहीं नहीं इनकी अवैध बिल्डिंगो पर भी पुलिस बुल्डोजर चलवाने का काम करेगी।

इस बात की जानकारी हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने दी। वे हरियाणा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि हिसार, अंबाला, पंचकूला और अन्य जिलो में नशे पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान पायलट प्रोजेक्ट के तहत धाकड़ अभियान शुरू किया गया है। हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में अफीम का नशा अधिक है। धाकड़ अभियान के तहत प्रदेश में नशा बेचने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा।

## सीएचसी में बनेंगे साइक्लोजिस्ट क्लीनिक

श्रीकांत जांधव ने बताया कि प्रदेश के 122 सीएचसी में साइकोलाजिस्ट क्लीनिक बनाए जाएंगे। प्रदेश की 532 पीएचसी में नशा छुड़ाने के लिए नशे से पीड़ित लोगों की काउंसलिंग भी शुरू की जाएगी। आज के समय में संयुक्त परिवार काफी कम हैं।



एडीजीपी श्रीकांत जाधव। • जागरण।

## हर जिले में दो बस्तियां चिन्हित संयुक्त रेड से कसेगा शिकंजा

जाधव ने बताया कि हर जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री वाली दो बस्तियो को चिन्हित किया जा रहा है। इनमें छापेमारी की जाएगी और नशा बेचने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने लोगों से अपील की है कि नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूचना हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर दे सकते हैं।

## जाधव ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों की ली बैठक

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रभारी श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास मोबाइल एप्लिकेशन विकसित की गई है। वे बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंस सभागार में हिसार मंडल के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक ले रहे थे। बैठक में मंडलायुक्त चंद्रशेखर, आइजी राकेश आर्य, फतेहाबाद के उपायुक्त प्रदीप कुमार, सिंह मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.7.22 | 2 | 3-6 |

**भास्कर खास** • प्रदेश में नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू

# नशीले पदार्थ बेचकर अर्जित की संपत्ति को जब्त करेगी पुलिस, नशा तस्करों के अवैध भवनों पर चलेगा बुलडोजर

भास्कर न्यूज | हिसार

प्रदेश में नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर शिकंजा कसने को प्रदेश सरकार के साथ-साथ हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो और पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। नशीले पदार्थ बेचकर अर्जित संपत्ति को पुलिस अब जब्त करेगी। वहीं, तस्कर द्वारा नशीले पदार्थ बेचकर बनाई गई बिल्डिंग या फिर प्रॉपर्टी पर बुलडोजर भी चलेगा। अम्बाला में एक तस्कर की बिल्डिंग पर बुलडोजर की कार्रवाई की जा चुकी है। ये बातें हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने एचएयू में धाकड़ नामक कार्यक्रम की शुरुआत के बाद आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। जाधव ने कहा कि प्रदेश सरकार नशे को जड़ से खत्म करने को लेकर गंभीर है। इसके तहत धाकड़ नामक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। हिसार, अम्बाला, पंचकूला में नशे पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान पायलट प्रोजेक्ट के तहत चलाया गया है। इसके बाद पूरे हरियाणा में इसे लागू किया जाएगा। कहा कि हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में सबसे अधिक अफीम का नशा किया जाता है। हालांकि, नशीली दवाइयों का नशा करने का चलन भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। कहा कि अभी प्रदेश की 532 पीएचसी में नशा करने वालों की काउंसिलिंग की सुविधा शुरू कराई गई है। 122 सीएचसी में लोगों के नशा छुड़वाने के लिए साइकलॉजिस्ट क्लीनिक बनाने की तैयारी है।

## प्रत्येक जिले में दो बस्तियां चिह्नित की जा रही



श्रीकांत जाधव ने कहा कि प्रदेश के हर जिले की दो ऐसी बस्तियों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां पर सबसे अधिक नशीले पदार्थों की बिक्री की जाती है। इन बस्तियों पर शिकंजा कसा जाएगा। जॉइंट रेड की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि प्रदेश के किसी भी स्थान पर आपके आसपास कोई नशा कर रहा है या फिर नशीले पदार्थों की बिक्री कर रहा है तो उसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर दें। नशा करने वाले का नशा छुड़वाने का भी एक्सपर्ट की मदद से प्रयास किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 31.7.22 | 4 | 2-8 |

प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत एचएयू में कार्यक्रम • नशे से दूर रहने की दिलाई गई शपथ

# 'धाकड़' रोकेंगे नशा, प्रत्येक स्कूल, वार्ड, गांव और क्लस्टर लेवल पर बनेंगी टीमें, नशेड़ियों को चिह्नित कर छुड़ाएंगे लत

भास्कर न्यूज | हिसार

[illegible]



हिसार। एचएयू में कार्यक्रम में एडीजीपी श्रीकांत जाधव, कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, मंडलायुक्त श्री चंद्रशेखर व अन्य।

## नशे पर ऐसे कसी जाएगी नकेल... यह करेंगी टीमें

[illegible]

## युवाशक्ति राष्ट्र की धरोहर है जिसको बचाना हमारा कर्तव्य

[illegible]

## नशा के विरुद्ध निकाली गई जागरूकता रैली

[illegible]

## दो मोबाइल एप भी डिवेलप किए, जो निभाएंगे अहम भूमिका

[illegible]



हिसार। अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रभारी श्रीकांत जाधव।

## तस्करी रोकने के लिए प्रयास मोबाइल एप्लीकेशन बनाया

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की बैठक आयोजित

भास्कर न्यूज | हिसार

[illegible]